# इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री 19% बढ़ी, टाटा मोटर्स शीर्ष पर



नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री फरवरी, 2025 में सालाना आधार पर करीब 19 फीसदी बढ़कर 8,968 इकाई पहुंच गई। इस श्रेणी में टाटा मोटर्स 3,825 इकाइयों की बिक्री के साथ शीर्ष पर है।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले माह इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले की तुलना में 8 फीसदी घटकर 76,086 इकाई रह गई। इस श्रेणी में बजाज ऑटो 21,389 ई-दोपहिया वाहनों की बिक्री के साथ सबसे आगे है। फरवरी में कुल 53,116 ई-तिपहिया वाहन बिके, जो फरवरी, 2024 की तुलना में पांच फीसदी अधिक है। फाडा के अध्यक्ष सीएस विग्नेश्वर ने कहा, इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि बढ़ती उपभोक्ता जागरूकता और ईवी को अपनाने का संकेत हैं। ई-यात्री वाहनों की बाजार हिस्सेदारी 3 फीसदी और ई-दोपहिया की 5.6 फीसदी है। ब्यूरो